Seventeenth Loksabha

an>

Title : To improve services of BSNL in rural areas

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय दूरसंचार मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वर्तमान में भारत देश डिजिटल इंडिया की अवधारणा पर आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में बी.एस.एन.एल, आइडिया, जियो आदि कंपनियों के मोबाइल टावर लगे हैं, जिनमें कवरेज की काफी समस्या है। विशेषकर बी.एस.एन.एल की स्थिति बहुत खराब है। आये दिन मोबाइल टावर काम करना बंद कर देते है। संसदीय क्षेत्र सिवनी के बालाघाट जिले में एवं सिवनी में ग्रामों एवं सुदूर क्षेत्रों में नेटवर्क की बहुत समस्या है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बालाघाट जिला नक्सल प्रभावित जिला है। मोबाइल नेटवर्क न होने के कारण ग्रामीण जनों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से टावर बंद रहते हैं। साल भर से इनकी कोई देख-रेख नहीं हो रही है एवं इन्हें सुधारा नहीं जाता है। मेरे द्वारा सक्षम अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बाद भी इस पर संज्ञान न लिया जाना उचित नहीं है। जहां टावर रहते हैं, वहां भी कवरेज और डाटा गति की कमी होने से अत्यधिक समस्या बनी रहती है। नेटवर्क बंद रहने और डाटा गति कम रहने से बैंकों के काम, छात्रों की पढ़ाई, नौकरी-पेशा व्यक्तियों, पंचायतों के कार्य, सोसायटियों में राशन वितरण आदि कार्य, जो डिजिटल तो हो चुके हैं, इस कारण प्रभावित होते हैं। भारत सरकार की डिजिटल इंडिया की अवधारणा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। एक ओर जहां हम 5जी के दौर में आ गये हैं और वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बी.एस.एन.एल. पुरानी 2जी और 3 जी गति में है। नगरीय क्षेत्रों का भी यही हाल है। इसके पूर्व भी मेरे द्वारा सदन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया था।

मैं पुनः सदन के माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बी.एस.एन.एल की व्यवस्थाएं सुधारे जाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बंद सभी टावरों को तत्काल प्रारंभ करने का कष्ट करें। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या काफी कम है, उनकी भी पूर्ति करने का कष्ट करें।